प्रेस नोट दिनांक 01.01.2025
जनपद-बरेली
थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा दिनांक 26/12/2024 को दंपत्ति को चाय में नशीला पदार्थ देकर बेहोश करने के उपरान्त उनसे नकदी व सोने के कुण्डल लेकर फरार होने के अभियुक्त को चोरी के माल, नगदी , 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूसों के साथ किया गिरफ्तार

दिनांक 26/12/2024 को श्री हीरा लाल पुत्र चिरौंजी लाल निवासी ग्राम टांडा इनायतपुर थाना हाफिजगंज जनपद बरेली द्वारा थाने पर सूचना दी कि उसके माता पिता श्री श्यामलाल व सीता देवी जो बुजुर्ग हैं और मो0 काहरान में किराये के मकान में अकेले रहते हैं,को अन्य किरायेदार विशाल वर्मा पुत्र स्व0 महेन्द्र वर्मा निवासी मो0 काहरान कस्बा व थाना नवाबगंज जनपद बरेली द्वारा चाय में कोई तीव्र नशीला पदार्थ मिलाकर देने के उपरान्त उसकी माँ के सोने के कुण्डल आधा तोला व नगदी 20000 रुपये लेकर फरार हो गया है एवं बेहोशी की अवस्था में माता-पिता बेगराज अस्पताल मे भर्ती हैं। श्री हीरालाल उपरोक्त की तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 642/24 धारा 303(2) बीएनएस बनाम विशाल वर्मा पंजीकृत किया गया जिसकी विवचेना के क्रम में थाना नबावगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त विशाल वर्मा को चोरी के कुण्डल लगभग आधा तोला (पीली धातु) व नगदी 1000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया व कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये । अभियुक्त विशाल वर्मा उपरोक्त को विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

विशाल वर्मा पुत्र महेन्द्र पाल वर्मा निवासी मो0 काहरान कस्वा व थाना नबावगंज जनपद बरेली ।

बरामदगीः-

1. एक जोड़ी कुण्डल लगभग आधा तोला (पीली धातु)
2. 1000 रुपये नकद
3. एक अदद तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर

आपराधिक इतिहास अभियुक्तः-

1.मु0अ0सं0 642/24 धारा 123/305/303(2)/317(2) बीएनएस थाना नबावगंज जनपद बरेली

2.मु0अ0सं0 01/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नबावगंज जनपद बरेली

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री अभिषेक नागर थाना नबावगंज जनपद बरेली

2.हे0का0 781 जयवीर सिहं थाना नवाबगंज जनपद बरेली ।

3. का0 1918 प्रशान्त कुमार थाना नवाबगंज जनपद बरेली